मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-157
21/04/2022

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सुश्री नीतू चन्द्रा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 21 अप्रैल 2022 :– प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सुश्री नीतू चन्द्रा ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने सुश्री नीतू चन्द्रा को हॉलीवुड की फिल्म में बेहतर अभिनय करने के लिये बधाई एवं शुभकामनायें दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री ने सुश्री नीतू चन्द्रा को बुके, प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। सुश्री नीतू चन्द्रा ने मुख्यमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर बिहार में किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुये कहा कि बिहार की लड़कियॉ आज हर क्षेत्र में अपना नाम काम रहीं हैं।

इस अवसर पर जल संसाधन सह सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह एवं सुश्री नीतू चन्द्रा की मॉ तथा उनके भाई उपस्थित थे।

******